आया फागुन मेला

आया फागुन मेला बड़ा ही अलबेला,
चलो रे बाया चलो खाटू नगरिया,

फागन के मेले की मस्ती निराली,
संग संग दिखती है होली दिवाली,
हर कोई नाच रहा बन कर किशेला,
चलो रे बाया चलो खाटू नगरिया

चलो श्याम प्यारे के दर्शन करे गये,
अपने प्रभु से हम दिल की कहे गये
श्याम मिल्न की आये है बेला,
चलो रे बाया चलो खाटू नगरिया,

टोली पे टोली चली आ रही है,
इतने सुहाने भजन गा रही है,
संग संग नाच रहा गुरु और चेला,
चलो रे बाया चलो खाटू नगरिया,

पूजा और वंदन करे गे प्रभु का,
बिनु प्रभु तेरे प्रेम का भूखा,
केवल यहाँ तो है भाव का खेला,
चलो रे बाया चलो खाटू नगरिया

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/3201/title/aaya-fagun-mela-bada-hi-albela-chlo-re-baya-chlo-khatu-nagariya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |